पत्रांक: BRLPS-LSBA/Estt/68/18/188 दिनांक: दिनांक: 06.06.18

प्रेषक,

राजीव कुमार सिंह, बि०प्र०से०,
प्रशासी पदाधिकारी-सह-राज्य समन्वयक,
लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष,
जिला जल एवं स्वच्छता समिति,
सहरसा

विषय: सात निश्चय एवं सुशासन के कार्यक्रम से संबंधित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा हेतु बिहार विकास मिशन के उप मिशन निदेशकों द्वारा जिलों के भ्रमण पश्चात् समर्पित प्रतिवेदन पर कारवाई करने के संबध में।

प्रसंग: उप मिशन निदेशक, युवा उप-मिशन, बिहार विकास मिशन, पटना का पत्रांक 05/बि०वि०मि० (युवा)(सहरसा भ्रमण अनुपालन)-03/2018-491 दिनांक 28.02.2018.

महाशय/महाशया,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में निदेशानुसार सूचित करना है कि बिहार विकास मिशन के उप मिशन निदेशकों द्वारा सात निश्चय एवं सुशासन के कार्यक्रम से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उनकी प्रगति की समीक्षा की गयी थी एवं भ्रमण के उपरांत समर्पित प्रतिवेदन के क्रम संख्या- 5 में वर्णित बिन्दुओं पर कारवाई की मांग की गयी है।

अतः अनुरोध है कि प्रसंगाधीन पत्र का अनुपालन करते हुए संबंधित प्रतिवेदन बिहार विकास मिशन को उपलब्ध कराते हुए प्रति राज्य मुख्यालय को भी उपलब्ध कराने की कृपा करेंगे।

विश्वासभाजन

अनु०-यथो०

6/6/18

(राजीव कुमार सिंह)

प्रतिलिपि : श्री अनुराग कौशल सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी, ग्रामीण विकास विभाग, पटना, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष/निदेशक-सह-सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : जिला समन्वयक, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

6/6/18

पत्रांक–05 / बि0वि0मि0 (युवा) (सहरसा भ्रमण अनुपालन) – 03 / 2018 491

**बिहार सरकार**

**बिहार विकास मिशन**

प्रेषक,

नवीन कुमार सिंह,
उप–मिशन निदेशक,
युवा उप–मिशन,
बिहार विकास मिशन, पटना।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी,
सहरसा।

पटना, दिनांक 28.02.2018

विषय :– सहरसा जिला भ्रमण के आलोक में समर्पित निरीक्षण प्रतिवेदन में अंकित बिन्दुओं पर अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंग :– युवा उप मिशन का ज्ञापांक 1080, दिनांक 26.07.2017, अपर निदेशक, प्रोग्राम मॉनिटरिंग, बिहार विकास मिशन का पत्रांक 1375, दिनांक 06.09.2017, इस कार्यालय का पत्रांक 1425, दिनांक 14.09.2017, पत्रांक 2087, दिनांक 23.11.2017, पत्रांक 2247, दिनांक 22.12.2017, पत्रांक 290, दिनांक 01.02.2018 एवं उप विकास आयुक्त, सहरसा का पत्रांक 26–1 / जि0यो0, दिनांक 01.02.2018

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों द्वारा दिनांक 21.07.2017 एवं 22.07.2017 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिला सहरसा के भ्रमण से संबंधित प्रतिवेदन में अंकित बिन्दुओं पर कृत कार्रवाई से अवगत् कराने का अनुरोध किया गया था। उक्त के आलोक में उप विकास आयुक्त, सहरसा के पत्रांक 26–1 / जि0यो0, दिनांक 01.02.2018 द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है। प्राप्त प्रतिवेदन में कतिपय बिन्दुओं पर अनुपालन प्रतिवेदन प्रक्रियाधीन अथवा अप्राप्त है, जिसकी विवरणी निम्न है :–

1. श्री अखिलेश कुमार भारती, प्रबंधक, जिला निबंधन एवं परामर्श केम्द्र, सहरसा द्वारा कार्य में रूचि नहीं लेने के संबंध में कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।
2. Documentation एवं अन्य कार्यों के लिए आवेदक के साथ बैंक जाने हेतु नामित Facilitator द्वारा अपने कार्य का निष्पादन किया जा रहा है अथवा नहीं, इस संबंध में प्रतिवेदन अप्राप्त है।
3. निःशुल्क वाई–फाई योजनान्तर्गत रमेश झा महाविद्यालय, सहरसा के निरीक्षण में पाया गया कि सर्वर रूम में A.C का अधिष्ठापन नहीं किया गया है। इस संबंध में प्रतिवेदन अप्राप्त है।
4. मध्य विद्यालय, पतरघट में मध्याह्न भोजन, मुख्यमंत्री साईकिल योजना एवं बालिका पोशाक योजना के संबंध में प्रतिवेदन अप्राप्त है।

182
6/3/18

yuva / DM LETTER

253

(5.) शौचालय निर्माण, घर का सम्मान योजना अन्तर्गत सहरसा नगर परिषद् के वार्ड नं0 12, 33 एवं 34 में निर्मित शौचालय के गुणवत्ता के संबंध में प्रतिवेदन अप्राप्त है।

अतः अनुरोध है कि उपर्युक्त बिन्दुओं का अनुपालन पूर्ण कराते हुए बिन्दुवार पूर्ण अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित करने की कृपा जाए।

विश्वासभाजन
ह0/–
(नवीन कुमार सिंह)
उप मिशन निदेशक,
युवा उप मिशन

ज्ञापांक :– 05/बि0वि0मि0 (युवा)(सहरसा भ्रमण अनुपालन) – 03/2018.........., पटना..........

प्रतिलिपि :– मुख्य महाप्रबंधक, बिहार विकास मिशन, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित। निदेशानुसार अनुरोध है कि कंडिका (1) में वर्णित तथ्यों के संबंध में यथोचित कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को निदेशित करने की कृपा की जाय।

ह0/–
उप मिशन निदेशक
युवा उप मिशन

ज्ञापांक :– 05/बि0वि0मि0 (युवा)(सहरसा भ्रमण अनुपालन) – 03/2018.........., पटना..........

प्रतिलिपि :– सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित। निदेशानुसार अनुरोध है कि कंडिका (2) एवं कंडिका (4) में वर्णित तथ्यों के संबंध में यथोचित कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को निदेशित करने की कृपा की जाय।

ह0/–
उप मिशन निदेशक
युवा उप मिशन

ज्ञापांक :– 05/बि0वि0मि0 (युवा)(सहरसा भ्रमण अनुपालन) – 03/2018.491, पटना 28.02.2018

प्रतिलिपि :– सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित। निदेशानुसार अनुरोध है कि कंडिका (5) में वर्णित तथ्यों के संबंध में यथोचित कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को निदेशित करने की कृपा की जाय।

27.02.2018

उप मिशन निदेशक
युवा उप मिशन